>

Title: Need to construct a bridge on Burhi Gandak river in Vaishali Parliamentary Constituency, Bihar-Laid.

श्रीमती वीणा देवी (वैशाली): मेरे संसदीय क्षेत्र वैशाली (बिहार) के पारू प्रखंड के फतेहाबाद घाट पर बुढ़ी गुडक नदी पर एक पुल की आवश्यकता है । अगर यह पुल बन जाता है तो मेरे संसदीय क्षेत्र की कुछ पंचायत नदी के दूसरी तरफ है, वहां जाने के लिए लोगों को 100 कि.मी. की दूरी तय कर जाना पड़ता है, जिसके कारण वहां की जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है । पुल बनने के बाद 100 कि.मी. की दूरी घटकर 10 से 15 कि.मी. होय जाएगी, जिससे वहां के लोगों का समय बचेगा । वर्तमान में मरीजो को आने-जाने में भी काफी समय लगता है एवं देर के कारण उन्हें सही इलाज नहीं मिल पाता और कई बार कई मरीजों की मौत भी हो जाती है । कोई आपराधिक वारदात हो जाने पर प्रशासन की तरफ से सहायता विलम्ब से पहुंचती है । इन सब समस्याओं को ध्यान में रखकर, मैं सरकार से आग्रह करती हूं कि जल्दी ही पुल का निर्माण कराया जाए ।